# प्रदेश में चालू हुए ऑक्सीजन के 102 प्लांट : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** प्रदेश में कुल 533 आक्सीजन प्लांट मंजूर किए गए हैं, जिनमें 102 चालू हो गए हैं। यह जानकारी मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आक्सीजन प्लांट की स्थापना और उनकी क्रियाशीलता के संबंध में समीक्षा के दौरान दी। उन्होंने 31 जुलाई तक सभी प्लांट की स्थापना कर उन्हें चालू करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि जिन जिलों में ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने या बैकअप के लिए अधिक क्षमता के नए जनरेटर की जरूरत हो, वहां दो दिन के अंदर इस्टीमेट के भिजवा दें। प्लांट को चलाने और उनके रखरखाव के लिए जरूरी मैनपॉवर की व्यवस्था अभी से ही सुनिश्चित कर ली जाए। ब्यूरो